



# खेल विशेषांक
# गोपाल पुञ्ज

वर्ष : 5 || अंक : 3 || जीन्द, अक्तूबर-नवम्बर 2023 || पृष्ठ : 4 ■ Web : www.gvmjind.com ■ E-mail : gvmschooljind@yahoo.co.in




## खिलाड़ी छात्र बरसा रहे हैं सोना

# गोपाल विद्या मंदिर की पूर्व छात्रा प्रियंका ने हैंडबॉल में चमकाया अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम



गोपाल विद्या मंदिर खेल के क्षेत्र में अनेक ऐसे कीर्तिमान स्थापित कर रहा है जिससे विद्यालय का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमक उठा है, जिसका श्रेय हैंडबॉल की पूर्व खिलाड़ी छात्र बहन प्रियंका ने अंतर्राष्ट्रीय एशियाड खेल चीन में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय का नाम चमकाया है। छात्रा प्रियंका इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है।

प्रियंका खेल कोटे से सरकारी नौकरी पर है। चीन से प्रतियोगिता जीतने के बाद भारत लौटने पर प्रियंका का भव्य स्वागत गोपाल विद्या मंदिर परिसर में किया गया।

प्रियंका ने बताया कि मुझे खेल क्षेत्र में जितनी भी उपलब्धियाँ आज तक मिली हैं, इसका श्रेय मेरे कोच राजेंद्र सैनी व चिराग ढांडा का मार्गदर्शन रहा है, जिसकी बदौलत मैंने जिला स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अनेकों अनेक



हैंडबॉल की प्रतियोगिताओं में परचम लहराने का काम किया है और जब आप सफलता की चरम सीमा को छूते हो तो उस समय जो आनंद की अनुभूति होती है, वह खिलाड़ी के लिए अत्यंत सुखद पल होते हैं। मेरा पूरा जीवन खेल को समर्पित रहेगा और मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि मैं अपना अच्छा प्रदर्शन करके भारत का नाम रोशन करती रहूँ।


प्रियंका ने कहा कि खेल व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

## सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ी भैया-बहन खेलकूद कोटे से दे रहे हैं सरकारी सेवाएं



विद्यालय के पूर्व शारीरिक आचार्य व हैंडबाल कोच राजेंद्र सैनी ने बताया कि मैदान पर कड़ी मेहनत व पसीना बहाने के बाद खिलाड़ी अपना दमखम खेल प्रतियोगिता में दिखाकर विद्यालय का नाम कई दशकों से चमकाते आए हैं जिसके परिणाम स्वरूप हमारे भैया बहन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर सोना बरसाने का काम कर रहे हैं। उनकी मेहनत और प्रयास व कोच का मार्गदर्शन इन्हें नई बुलंदियों पर लेकर जा रहा है। विद्यालय के सैकड़ों भैया बहन खेल कोटे से रेलवे, पुलिस विभाग व अन्य सरकारी सेवाओं में नौकरी करके अपनी सेवाएँ दे रहे हैं जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्यालय प्रशासन ने भी सदैव खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने में और इन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए इसके लिए पूरा प्रयास किया है।

## विद्यालय खेलों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय कटिबद्ध : जगन्नाथ शर्मा



विद्यालय के अनेक भैया बहन हैंडबॉल, कुश्ती, योग, शतरंज, दौड़, डिस्क थ्रो की चैंपियनशिप में प्रतिभागिता करते रहते हैं जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय का नाम सदैव सुर्खियों में रहता है।

विद्यालय इस बात का ध्यान रखता है कि खिलाड़ी भैया बहनों को किसी भी तरह की खेल से संबंधित कोई समस्या ना आए। इसके लिए विद्यालय प्रशासन समय-समय पर खिलाड़ियों की आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श करके उन्हें पूरा करने का प्रयास करता है। इसके लिए खेल विशेषज्ञों का समय-समय पर मार्गदर्शन और ट्रेनिंग की योजनाओं पर कार्य करता है।

विद्या भारती इस बात का पूर्ण ध्यान रखती है कि हमारे भैया बहन शिक्षा के साथ-साथ खेल क्षेत्र में नई ऊंचाइयाँ छुएं।

## विद्या भारती खेल क्षेत्र में कर रही है कीर्तिमान स्थापित : डॉ. अवधेश पांडेय



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है। इसके लिए जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल गतिविधियों की प्रतियोगिताओं के आयोजन वर्ष भर में विद्या भारती करती है जिसका उद्देश्य बालकों में शारीरिक क्षमता और खेल की भावना को बढ़ावा देना है। यह वक्तव्य हिंदू शिक्षा समिति के प्रदेश मंत्री डॉ. अवधेश पांडेय ने खिलाड़ी सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा कि विद्या भारती संगठन शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र को और सशक्त बनाने में लगा है जिसका उदाहरण आज हमारे सामने गोपाल विद्या मंदिर के भैया बहन अनेक प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर न केवल जींद बल्कि हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ी भैया-बहनों, उनके अभिभावकों व शारीरिक आचार्य को विशेष रूप से बधाई दी।